जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 23.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/574)**

# राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का शुभारम्भ

**मानननीय रेल राज्यमंत्री श्री अधीर रंजन चौधरी ने किया शुभारम्भ**

रेलपथ इंजीनियर संस्थान (भारत) द्वारा दिनाकं 23.01.2014 व 24.01.2014 को बिडला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का शुभारम्भ माननीय रेल राज्यमंत्री श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदस्य इंजीनियरिंग रेलवे बोर्ड श्री सुबोध जैन एवं महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे श्री आर. सी. अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं देश–विदेश से पधारें प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी के शुभारम्भ पर अपने उद्‌बोधन में माननीय रेल राज्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे पर रेलपथ कार्यो का प्रबंन्धन, पुलो एवं सुरंगो के निर्माण एवं रख–रखाव से संबन्धित विषयों पर चर्चा से निःसन्देह भारतीय रेलवे को फायदा होगा। सदस्य इंजीनियरिंग रेलवे बोर्ड श्री सुबोध जैन ने कहा कि इस संगोष्ठी में पधारें देश–विदेश के तकनीकी विशेषज्ञों के अनुभवों से भारतीय रेलवे लाभान्वित होगी। महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी आमन्त्रित अतिथियों का गुलाबी नगरी में स्वागत करते हुये कहा कि संगोष्ठी के आयोजन से रेलपथ इंजीनियरिंग और पुल इंजीनियरिंग के विषय पर नवीनतम तकनीकी विकास का ज्ञान एवं अनुभव का आदान प्रदान हो सकेगा।

श्री तरूण जैन ने बताया कि संगोष्ठी के प्रथम एवं दूसरे दिन 3–3 सेशन आयोजित कि ये जायेगें जिसमे रेलवे इंजीनियरिंग से जुडे हुये विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की जायेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान की स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

**जन सम्पर्क अधिकरी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**